सीएम दावोस में निवेशकों को देंगे न्यौता

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पर्यटन क्षेत्र पर केंद्रित सत्र को संबोधित करेंगे डॉ. मोहन यादव

13.30 करोड़ से अधिक पर्यटकों का प्रदेश में हुआ आगमन

6.5 करोड़ श्रद्धालु आए श्री महाकालेश्वर मंदिर

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को दावोस के लिये रवाना हो गये. यहां वे बुधवार 21 जनवरी को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पर्यटन क्षेत्र में निवेश केंद्रित सत्र को संबोधित करेंगे और दुनियाभर के निवेशकों को मप्र में पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं से रूबरू कराते हुए उन्हें निवेश के लिये न्यौता देंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास भी, विरासत भी, के दूरदर्शी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश ने पर्यटन को समावेशी और सतत विकास के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित किया है. इसके परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में प्रदेश में 13.30 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया है, जो मध्यप्रदेश के प्रति बढ़ते राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय विश्वास को दर्शाता है.

आध्यात्मिक पर्यटन मध्यप्रदेश की प्रमुख पहचान के रूप में स्थापित हुआ है. उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 6.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हो चुका है. इसके साथ ही खजुराहो, सांची, ओरछा, महेश्वर, अमरकंटक और चित्रकूट जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के प्रमुख आकर्षण केंद्र बने हुए हैं.

राज्य सरकार द्वारा पर्यटन नीति-2025 एवं फिल्म पर्यटन नीति-2025 के माध्यम से निवेश प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और सतत पर्यटन विकास को नई दिशा दी गई है. फिल्म पर्यटन नीति-2025 के तहत मप्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माण के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है, जिससे स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं.

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की पहल

ग्रामीण पर्यटन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 81 गांवों में 370 से अधिक होमस्टे विकसित किए गए हैं, जिन्हें 1000 तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष आय और रोजगार उपलब्ध करा रही है. बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर सहित 18 राष्ट्रीय पुरस्कार, यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में प्रदेश के 4 धरोहर स्थलों का शामिल होना और देश की 69 यूनेस्को धरोहरों में से 15 का मध्यप्रदेश में स्थित होना प्रदेश की वैश्विक पर्यटन क्षमता और प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करता है. मप्र आज पर्यटन, परंपरा और प्रगति के संगम के साथ वैश्विक निवेशकों और पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है.

रक्षा मंत्री राजनाथ से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने की सौजन्य भेंट

भोपाल 20 जनवरी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रक्षा मंत्री के दीर्घकालिक सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन के अनुभवों से मार्गदर्शन प्राप्त किया. उन्होंने देशहित से जुड़े विषयों पर रक्षा मंत्री के विचारों को प्रेरणादायी बताया.

दिव्यांगों को रैंप, श्रद्धालुओं को सुरक्षा रैलिंग

- सिंहस्थ में दिखेंगे दिव्यांग-फेंडली घाट
- संभागायुक्त आशीष सिंह ने सुविधा जुटाने के दिए निर्देश
- त्रिवेणी घाट बनेगा मॉडल

नवभारत न्यूज़

उज्जैन. महाकुंभ में आने वाले 30 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए जो 29 किलोमीटर घाट बनाए जा रहे हैं उसमें दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए भी इजाफा किया जा रहा है. घाट तक एप्रोच रोड जहां बनाए जा रहे हैं वहीं स्लोप से लगाकर रेलिंग भी बनाई जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की समस्या स्नान के दौरान उत्पन्न न हो.

जल संसाधन विभाग के माध्यम से इंदौर की फलोदी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा घाटों का निर्माण किया जा रहा है। कई घाटों का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष घाटों पर रिटेनिंग वॉल, स्लोप डेवलपमेंट और फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है.

दिव्यांग, वृद्धों पर कमिश्नर का फोकस-सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त आशीष सिंह ने सिंहस्थ मेला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में घाट निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की. बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी नए घाटों पर 1.5 मीटर ऊँची सुरक्षा रैलिंग अनिवार्य रूप से लगाई जाए. दिव्यांगजनों के लिए रैंप का निर्माण किया जाए. श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से कोई समझौता न हो. शनि मंदिर के सामने बन रहे घाट को मॉडल घाट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ सुरक्षा, सौंदर्य और सुविधा तीनों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है.

सिलारखेड़ी डेम का कार्य प्रगतिरत है, बारिश में इसकी टेस्टिंग की जाएगी

कान्ह नदी का पानी डायवर्ट करने की पाइपलाइन का 3.4 किलोमीटर कार्य पूर्ण हो चुका है. पुलिस हाउसिंग, एमपीईबी, आरईएस और बीडीसी द्वारा चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और समय-समय पर जांच के निर्देश दिए.

नए घाट से होंगे बड़े फायदे

29 किलोमीटर घाट निर्माण से सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान सुविधा मिलेगी। भीड़ प्रबंधन और आपात स्थिति से निपटना आसान होगा. शिप्रा तट पर अव्यवस्थित स्नान की समस्या खत्म होगी. दिव्यांग, बुजुर्ग और महिलाओं के लिए सुगम और सम्मानजनक व्यवस्था बनेगी उज्जैन की धार्मिक पर्यटन क्षमता को नई पहचान मिलेगी.

अन्य सिंहस्थ परियोजनाएँ -धार्मिक आस्था और आधुनिक व्यवस्था का संगम - सिंहस्थ 2028 के लिए बन रहे ये घाट सिर्फ निर्माण नहीं, बल्कि आस्था, सुरक्षा और आधुनिक सोच का संगम हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुसार उज्जैन को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है, जहाँ श्रद्धालु निश्चिंत होकर मां शिप्रा में स्नान कर सकें और दुनिया को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित सिंहस्थ का अनुभव हो.

बिना वीजा भारत में रहने का कोई हक नहीं : हाईकोर्ट

जबलपुर, मप्र हाईकोर्ट ने अफगानी युवक की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें युवक ने वीजा नियमों के उल्लंघन के आरोप में भारत से लीव इंडिया नोटिस को चुनौती दी थी. जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले में कहा है कि बिना वीजा भारत में रहने का कोई हक आवेदक को नहीं है. अफगानी युवक सैयद राशिद वर्ष 2019 में वीजा पर भारत आया था और भोपाल के एक निजी विश्वविद्यालय में रहकर एमए की पढ़ाई कर रहा था. कोरोना काल के कारण उसे वीजा विस्तार मिला और 2022 में उसने कोर्स पूरा भी कर लिया. इसके साथ ही राशिद ने छात्र वीजा रहते हुए विश्वविद्यालय में नौकरी भी शुरू कर दी, जबकि उसका रोजगार वीजा कभी स्वीकृत नहीं हुआ था.

नितिन की ताजपोशी, मप्र में भाजपा ने मनाया उत्सव

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 जनवरी. भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं. इधर प्रदेश भाजपा कार्यालय और सभी जिला कार्यालयों में उत्सव मनाया गया व आतिशबाजी की गई.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान श्री नितिन नबीन को सौंपा जाना यह दर्शाता है कि भाजपा अपने भविष्य को युवा, ऊर्जावान, दूरदर्शी और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध नेतृत्व के हाथों में सुरक्षित देख रही है. यह निर्णय भाजपा के मजबूत संगठन, अनुशासन व विचारनिष्ठ राजनीति का प्रतीक है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नबीन के संगठन कौशल से पार्टी सफलता के नए शिखर तक पहुंचेगी. पार्टी के लिए संगठन पर्व केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी आत्मा है.

श्री नबीन के पदभार ग्रहण के अवसर पर भोपाल में प्रदेश कार्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया गया. इस दौरान प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे. पार्टी के जिला मुख्यालयों पर भी इसी तरह के आयोजन हुए.

इंदौर में प्रदूषित जल आपूर्ति मामले में अफसरों की जवाबदेही तय होगी

- राज्य सरकार ने गठित की राज्य स्तरीय समिति
- जांच प्रतिवेदन एक माह में तैयार होगा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 जनवरी. इंदौर में प्रदूषित पेयजल से लोगों की मौत के बाद अब सरकार इस मामले की विस्तार से जांच कराएगी. अफसरों व कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय होगी और कार्रवाई की जाएगी.

प्रदूषित जल आपूर्ति के घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा कर निष्कर्ष, सुझाव एवं अनुशंसाएं प्रस्तुत करने के लिए राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है. समिति एक माह में रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप देगी. समिति में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी. नरहरि, आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे को सदस्य बनाया गया है. आयुक्त इंदौर संभाग सुदाम खाड़े को सदस्य-सचिव नामित किया गया है. समिति घटना के वास्तविक कारणों एवं आवश्यक तथ्यों का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगी.

बरैया के बयान पर लता का पलटवार

भोपाल। भारतीय योगिनी संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. एच. लता ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के महिला विरोधी और अश्लील बयानों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे लोगों को राजनीति में बने रहने का कोई अधिकार नहीं।

उन्होंने कहा कि बरैया द्वारा महिलाओं के बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों पर दी गई व्याख्याएँ और समय-समय पर की जाने वाली अमर्यादित टिप्पणियाँ भारतीय समाज की संवैधानात्मक और सांस्कृतिक चेतना पर हमला हैं। यह केवल एक व्यक्ति की गलती नहीं, बल्कि महिलाओं को अपमान और भोग की वस्तु समझने वाली विकृत मानसिकता का प्रतिबिंब है। डॉ. लता ने कहा कि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि का महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना, संविधान की शपथ और जनता की सेवा के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है। ऐसे बयान अपराधों को सामान्य बनाने और समाज में गलत संदेश फैलाने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि जब देश नारी शक्ति और महिला सशक्तिकरण की बात करता है, तब ऐसे नेता यह साबित करते हैं कि वे महिलाओं की गरिमा और देश के विकास की सोच नहीं रखते।

भारतीय योगिनी महासंघ ने फूल सिंह बरैया के खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी और राजनीतिक कार्रवाई की मांग की है और केवल माफी या बयान वापस लेना पर्याप्त नहीं माना। डॉ. लता ने कांग्रेस हाईकमान से सवाल किया कि क्या वह ऐसे बयानों पर मौन समर्थन दे रहा है, और यदि नहीं तो तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

मध्य प्रदेश में सर्दी से राहत

फिर पश्चिमी विक्षोभ से ठंड लौटने की संभावना

भोपाल, 20 जनवरी. मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से फिलहाल राहत मिली है. पिछले दो दिनों में न्यूनतम तापमान लगभग 4 डिग्री बढ़ गया है और दिन में धूप निकलने से ठिठुरन कम हुई है. हालांकि मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह राहत अस्थायी है और जनवरी के अंतिम सप्ताह में ठंड फिर तेज हो सकती है. पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय मौसम प्रणालियों के गुजरने के बाद उत्तर से ठंडी हवाओं का प्रभाव बढ़ने की संभावना है, जिसका असर प्रदेश में दिख सकता है.

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.

अधिकतम तापमान में नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर संभागों में सामान्य से 2.1°C से 2.7°C अधिक और ग्वालियर, रीवा, शहडोल संभागों में 3.4°C से 3.9°C अधिक दर्ज किया गया. न्यूनतम तापमान में रीवा और शहडोल संभागों में 2.1°C से 2.6°C तक बढ़ोतरी हुई.

मौसम विज्ञान के अनुसार उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर ऊपरी वायुमंडलीय चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है. 21 जनवरी की रात से एक और तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है. इसके साथ ही कुछ जिलों में मध्यम कोहरे की चेतावनी भी जारी है, जैसे ग्वालियर, दतिया, भिंड, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी. यात्रियों और आम लोगों से आग्रह है कि मौसम के अनुसार सावधानी बरतें और अपडेटेड जानकारी लेते रहें.

26 जनवरी तक एयर इंडिया की दोपहर दिल्ली उड़ानें रद्द

एयर शो के कारण उड़ानें प्रभावित

इंदौर. गणतंत्र दिवस पर एयर शो की तैयारियों के कारण दिल्ली एयरपोर्ट बुधवार 21 जनवरी से 26 जनवरी तक सुबह 10.20 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक बंद रहेगा. इसका असर सीधे इंदौर दिल्ली रूट पर पड़ेगा.

एयर इंडिया ने इस दौरान अपनी दोपहर की दिल्ली उड़ानें रद्द कर दी हैं. इंदौर से दोपहर 12.10 बजे दिल्ली जाने और 12.40 बजे वापस लौटने वाली फ्लाइट संचालित नहीं होगी.

सामान्य दिनों में एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली इंदौर के लिए रोजाना छह उड़ानें होती हैं. लेकिन 25 और 26 जनवरी को केवल दो ही उड़ानों की बुकिंग उपलब्ध है, यानी इन दो दिनों में रोजाना चार उड़ानें रद्द रहेंगी. एयर इंडिया की वेबसाइट पर 21 से 26 जनवरी तक के लिए बुकिंग बंद कर दी गई है. अधिकारियों का कहना है कि इंडिगो और अन्य एयरलाइंस भी इस दौरान कुछ उड़ानें रद्द कर सकती हैं.

इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम-नवरत्न)
पश्चिम क्षेत्र, तल और तीसरी मंजिल, फोर्बस बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई – 400 001
IRCTC
वॉक-इन इंटरव्यू
होटल मॅनेजमेंट / हॉस्पिटॅलिटी प्रोफेशनल्स, क्वालिफाइड चार्टर्ड अकाउंटंट (CA) / कॉस्ट और मॅनेजमेंट अकाउंटंट (CMA)
इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IRCTC), वेस्ट जोन **'कॉन्ट्रैक्ट बेसिस' पर 'हॉस्पिटॅलिटी मॉनिटर्स' और 'क्वालिफाइड चार्टर्ड अकाउंटंट (CA) / कॉस्ट और मॅनेजमेंट अकाउंटंट (CMA)'** की सेवाएं लेना चाहता है।
योग्यता मानदंड, वॉक-इन इंटरव्यू की तारीखों / स्थान और नौकरी की अन्य शर्तों के लिए कृपया देखें **https://www.irctc.com**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, इन्दौर संभाग क्र. 1, जी-13
प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी, क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर, दूरभाष :- 9425601533
निविदा सूचना क्र. 13/2025-26
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र. 1, इन्दौर द्वारा जिला **झाबुआ में पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु** निविदा क्र. 2026_MPPHC_476910 आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124052/2026 **परियोजना यंत्री**

UNIVERSITY BUSINESS SCHOOL
PANJAB UNIVERSITY, CHANDIGARH
ADMISSION NOTICE (2026-2027)
Applications are invited for Admission to Two Year Full Time Management Programmes MBA, MBA (IB), MBA (HR), MBA (EP) and MBA (Business Data Analytics) for Academic Session 2026-27.
Candidates are required to visit the website https://ubsadmissions.puchd.ac.in for detailed instructions. The said website would remain open for online registration through online payment from 26.11.2025 to 28.01.2026. Hard copy of the application form along with necessary documents should reach the undersigned latest by 04:00 p.m. on 10.02.2026. Application received after due date shall not be entertained.
Note: Our Institution uses the CAT scores for short-listing/selecting the candidates for our Post-graduate Programme(s) in Management/ MBA. IIMs have no role either in the selection process or in the conduct of the programme.
Professor Parmjit Kaur, Chairperson

राजनैतिक नियुक्तियां | पहले चरण में डेढ़ दर्जन नेता बनाए जाएंगे निगम-मंडल और आयोग में अध्यक्ष

निगम-मंडलों में ताजपोशी अब कभी भी

कन्हैया लोधी

भोपाल, 20 जनवरी. लंबे समय से प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार कर रहे भाजपा के कद्दावर नेता कृपया अपनी कुर्सी की पेटी बांध लें. अब कभी भी राजनीतिक नियुक्तियों की सूची जारी हो सकती है.

इस मामले में लंबे समय से चल रहे अटकलों का दौर अब थमने वाला है. मिले संकेतों के मुताबिक पहले फेज में कम से कम डेढ़ दर्ज नेताओं को निगम, मंडल और आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाएगी. वे ऐसे कद्दावर नेता है, जिनका प्रभाव सरकार और संगठन दोनों में है, लेकिन अब तक उन्हें सरकार और संगठन में बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिली है. इनमें से कुछ ऐसे भी नेताओं को मौका मिलेगा, जो कि पिछले विधानसभा चुनाव में बाजी नहीं मार सके थे.

भाजपा संगठन ने अपना सबसे बड़ा कार्य कर लिया है, नितिन नबीन भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हो गये हैं. इसी के साथ संगठन चुनाव की लंबी प्रक्रिया अब लगभग पूरी हो गई है. अब प्रदेश में सरकार का फोकस भी राजनीतिक नियुक्तियों पर हो गया है. सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सहमति बन गई है. सरकार और संगठन की सहमति के बाद प्राथमिकता वाले नाम तय कर दिये गये हैं और अब इस सूची को भाजपा हाईकमान के सामने भी पेश कर दिया गया है. इस सूची को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नियतृमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष को पहले ही बताया जा चुका है, अब इस सूची को औपचारिक रूप से भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पास भी रखा जाएगा. उनसे औपचारिक अनुमति मिलने के बाद प्रदेश में इन नियुक्तियों का दौर शुरू हो जाएगा. बताया जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिये सोमवार को जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल दिल्ली में थे, तब भी राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें इस बात पर सहमति जताई गई कि अब शीघ्र ही राजनीतिक नियुक्तियां कर दी जाए. संभावना जताई जा रही है कि विधानसभा के बजट सत्र से पहले पहले फेज की नियुक्ति आदेश जारी हो सकते हैं.

पहली सूची में ये नाम हो सकते हैं शामिल

मिले संकेतों के मुताबिक निगम, मंडल और आयोग में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिये पहली सूची में जिन नेताओं को मौका मिल सकता है, उनमें विधानसभा उपचुनाव हारे रामनिवास रावत , इमरती देवी, अरविंद भदौरिया, कमल पटेल, धुवनारायण सिंह जैसे नाम भी शामिल हैं. वहीं विधायकों में प्रदीप लारिया, शैलेन्द्र कुमार जैन, श्रीमती अर्चना चिटनिस, अजय विश्नोई, हरिशंकर खटीक को भी नया दायित्व दिया जा सकता है. इसके अलावा विनोद गोटिया, ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, चेतन सिंह, अशोक जादौन के भी नाम गिनाये जा रहे हैं.

एल्डरमैनों की नियुक्ति का सिलसिला पहले शुरू होगा

प्रदेश के निकायों में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को उनके काम का पुरस्कार देने के लिये सबसे पहले एल्डरमेनों की नियुक्ति शुरू की जाएगी. एल्डरमेनों की नियुक्ति के मामले में सरकार वैसे ही काफी देर हो चुकी है. अब नगरीय निकायों के चुनाव में महज डेढ़ साल का समय बचा है. ऐसे में नये एल्डरमेनों को अपने निकायों में परफॉर्मेंस दिखाने का ज्यादा मौका नहीं मिल पाएगा. बताया जा रहा है कि जिला भाजपा संगठन की सिफारिश के बाद ऐसे कार्यकर्ताओं की पहचान कर ली गई है, जिनको एल्डरमेन नियुक्त किया जाना है. फिलहाल पांच सौ से अधिक नाम तय किये गये हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**